केन्द्रीय विद्यालय क्र॰ 2 आ॰ व॰ नि॰ शाहजहाँपुर

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एवं स्वायत्त निकाय
सीबीएसई संबद्धता संख्या: 2100043, सीबीएसई स्कूल कोड: 64016, यूडीआईएसई कोड: 09221300703
Website: www.no2shahjahanpur.kvs.ac.in, Email: kv2ocfspn1stshift@gmail.com, Phone No: 05842-297715

विद्यालय पत्रिका
सत्र 2022-23

CHIEF PATRON

Shri Devendra Kumar Dwivedi
Deputy Commissioner
KVS (RO.), Lucknow

Shri Anup Awasthi
Assistant Commissioner
KVS (RO.), Lucknow

PATRON

Shri Parvez Husain
Principal
KV 2 OCF, Shahjahanpur

Shri Vijay Prakash
Vice Principal
KV 2 OCF, Shahjahanpur

Editorial Board

Chief Editor: Mr. Anupam Bhardwaj, PGT(Hindi)

हिंदी अनुभाग

Mr. Anupam Bhardwaj, PGT(Hindi)
Mr. Prashant Kumar, TGT(Hindi)
Mr. Dhoom Singh, TGT(Hindi)

Graphics&Designing

Mr. Mohd Hashim, PGT (Computer Science)
Mr. Manjesh, Computer Instructor
Mrs. Shiva Shukla, Computer Instructor

Arts Department

Mrs. Anubha, TGT (A.E)

English Department

Mr. Mairaj Ahmad, PGT(English)
Ms. Shubhashni Prakash, TGT(English)
Ms. Shalu Rani, TGT(English)

संस्कृत अनुभाग

Ms. Renu Bala, TGT (Sanskrit)

खेल विभाग

Mr. Ravi Sharma

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
Regional Office, Lucknow
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन
Under Ministry of Education, Govt. of India
Website : https://rolucknow.kvs.gov.in/

पत्रांक-उपायुक्त/लखनऊ संभाग/2022-23 दिनांक- 18.08.2023

संदेश

मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि केन्द्रीय विद्यालय, क्र.2, ओ.सी.एफ. शाहजहांपुर सत्र 2022-23 की विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है।

विद्यालय पत्रिका विद्यार्थियों की सृजनात्मक शक्ति का वह दर्पण होती है जिसमें विद्यालय की अनेक गतिविधियों का प्रतिबिम्ब प्रदर्शित होता है। विद्यालय एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों तथा शिक्षकवृंद द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए प्रयासों के परिणाम की झलक भी पत्रिका में प्राप्त होती है।

केन्द्रीय विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा, रूचि एवं उनकी मनोवृत्ति को ध्यान में रखकर उन्हें सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करते हुए उनका चहुमुखी विकास करना है। विद्यालय पत्रिका मौलिक दृष्टिकोण, नये-नये विचार एवं बुद्धिमत्ता को नये आयाम प्रदान करने का एक उत्तम मंच है।

इस अवसर पर मैं इससे जुड़े सभी विद्यार्थियों, शैक्षिक / शिक्षणेतर कर्मचारियों एवं प्राचार्य को पत्रिका के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई देता हूँ तथा आशा करता हूँ कि यह पत्रिका पाठकों को सुरूचिपूर्ण पाठन सामग्री प्रदान करेगी।

शुभकामनाओं सहित।

(देवेन्द्र कुमार द्विवेदी)
उपायुक्त

श्री परवेज हुसैन
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय
क्र.2, ओ.सी.एफ. शाहजहाँपुर

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
Regional Office, Lucknow
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन
Under Ministry of Education, Govt. of India
Website : https://rolucknow.kvs.gov.in/

पत्रांक फा० 26350(M-38)/2023-24/केविसं क्षे.का. लखनऊ/ दिनांक –27-07-2023

सन्देश

यह प्रसन्नता का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय नं-2, ओ.सी.एफ., शाहजहांपुर वार्षिक विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है | विद्यालय पत्रिका छात्रों, शिक्षकों को एक प्राथमिक मंच प्रदान करती है जहाँ वे अपनी रूचि एवं सामर्थ्य अनुरूप विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं | लेखन एक कला है, जो समुचित अवसर प्रदान करने पर पुष्पित एवं पल्लवित होती है | केन्द्रीय विद्यालय नं-2, ओ.सी.एफ., शाहजहांपुर परिवार की यह पहल विद्यालय के गुणी लेखकों को ऐसे ही अवसर प्रदान करेगी |

आशा करता हूँ कि यह पत्रिका न सिर्फ लेखकों बल्कि पाठकों के लिए भी उपयोगी एवं प्रेरणास्पद होगी | सभी छात्र-छात्राओं में लेखन एवं पठन की अभिवृत्तियों को पोषित करेगी | साथ ही पाठकों को मनोरंजन, ज्ञानवर्धन के साथ नैत्तिक मूल्यों के पालन व साहित्य सृजन हेतु प्रेरित करेगी | यह पत्रिका अभिभावकों तक शिक्षकों एवं बच्चों की सामर्थ्य, लगनशीलता एवं सतत् प्रयासों की एक झलक प्रस्तुत करने में समर्थ होगी |

सभी लेखकों एवं सम्पादक मण्डल सहित केन्द्रीय विद्यालय नं-2, ओ.सी.एफ., शाहजहांपुर परिवार को पुन: हार्दिक बधाई !

शुभकामनाओं सहित !

(अनूप अवस्थी)
सहायक आयुक्त
के.वि.सं. लखनऊ

पता: केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, सेक्टर–जे, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) - 226024 ई-मेल dcrolucknow@gmail.com दूरभाष : 0522-2745386, 2745535
Add: Kendriya Vidyalaya Sangathan, Regional Office, Sector-J, Aliganj, Lucknow (UP) - 226024. E-mail dcrolucknow@gmail.com, Ph. 0522-2745386, 2745535

अखिलेश कुमार, भा.आ.नि.से.
महाप्रबंधक
AKHILESH KUMAR, IOFS
General Manager

आयुध वस्त्र निर्माणी
ORDNANCE CLOTHING FACTORY
ट्रूप कम्फ़र्ट्स लिमिटेड की इकाई
A UNIT OF TROOP COMFORTS LIMITED
भारत सरकार का उपक्रम
GOVERNMENT OF INDIA ENTERPRISE
रक्षा मंत्रालय
MINISTRY OF DEFENCE
शाहजहाँपुर-242001
SHAHJAHANPUR-242001

शुभकामना सन्देश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुयी है कि केन्द्रीय विद्यालय नंबर-II, आयुध वस्त्र निर्माणी, शाहजहाँपुर अपनी वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है।

विद्यालय पत्रिका, विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों को एक खुला मंच प्रदान करने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं विचारों की संवाहक होती है । अतः यह पत्रिका विद्यार्थियों के साथ- साथ शिक्षकों की रचनात्मक गतिविधियों का प्रतिबिंब है।

मुझे विश्वास है कि यह विद्यालय पत्रिका विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन एवं बौद्धिक संवर्धन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। दुनिया को न केवल शिक्षित और बुद्धिमान लोगों कि ज़रूरत है , बल्कि दुनिया को ऐसे लोगों की भी ज़रूरत है जो साहसी और दयालु के साथ साथ जिनमें इंसानियत भी हो। पूरी दुनिया में शिक्षा एक क्रांतिकारी बदलाव के दौर से गुजर रही है। ज्ञान अब समय और स्थान से विवश नहीं है। यह कक्षाओं और स्कूल परिसरों से परे विस्तारित हुआ है । आज की दुनिया में, आप कितना जानते हैं इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, अधिग्रहीत ज्ञान का उपयोग अधिक महत्वपूर्ण है। यह वह जगह है जहाँ वर्तमान शिक्षा में उत्कृष्टता निहित है।

मैं पत्रिका के प्रकाशन एवं संपादन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी अध्यापकों, स्टाफ और विद्यार्थियों को पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए शुभकामनायें देता हूँ !

(अखिलेश कुमार)
महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष
केन्द्रीय विद्यालय -II

प्राचार्य की कलम से.....

रचनात्मक उर्वर और ऊर्जादायी शिक्षा समय रूपी रंग के इंद्रधनुषी शब्दों के आलोक में पठन-पाठन प्रक्रिया द्वारा युग सर्जक बन जाती है। शिक्षा के व्यापक उद्देश्य संपूर्ण विश्व को समेटकर अतीत, वर्तमान और भविष्य से विद्यार्थियों का साक्षात्कार कराते हैं। विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भावात्मक एकता, नैतिकता, सांस्कृतिक चेतना का अप्रियतम समन्वय ही हमारे विद्यालय का लक्ष्य है। दायित्व बोध, संस्कार, जीवन दृष्टि तथा वसुधैव कुटुंबकम की उदात्त साधना के प्रति समर्पित दृढ़ संकल्प ही हमारी शक्ति है। अनुशासन,परिश्रम एवं उत्तम शैक्षिक वातावरण हमारे विद्यालय की सुघड़ त्रयी रही है। प्रातः कालीन सभा में ईश वंदना के साथ ही राष्ट्रभक्ति एवं विश्व बंधुत्व की भावना का विकास किया जाता है। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तार्किक विश्लेषण क्षमता विकसित करने का पूर्ण प्रयास किया जाता है।

विद्यालय पत्रिका ऐसा दर्पण है जिसमें विद्यालय की समस्त गतिविधियों को अवलोकित किया जा सकता है। इस अवलोकन में मूल्य और सिद्धांतों की सुगंधि तथा शारीरिक क्षमता एवं सुदृढ़ता का विकास तथा ज्ञान और व्यवहार की समाज सापेक्ष परिकल्पना के दृश्य स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं। यह विद्यालय अपने विद्यार्थियों को एक ऐसा वातावरण प्रदान करता है जिसमें उनका भावात्मक एवं बौद्धिक विकास होता है तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की रूचि एवं क्षमता के अनुसार अनेक क्रियाकलापों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिसमें समस्त छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हैं तथा उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। सृजनशीलता एवं अभिव्यक्तियों की प्रस्तुति के रूप में विद्यालय पत्रिका का सत्र 2022-2023 का यह अंक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है ।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यों के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है,मैं उन सभी के प्रति श्रद्धावनत हूँ। विद्यालय के जिन छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं की रचनाओं से यह विद्यालय पत्रिका सुशोभित हुई है, उन सभी के प्रति मैं हृदय से आभार ज्ञापित करता हूँ ।

मंगलकामनाओं सहित-

परवेज हुसैन

प्राचार्य

उप-प्राचार्य की कलम से.....

विद्यार्थियों में अंतर्निहित सर्जनात्मक प्रतिभा को उचित मंच देने के लिए विद्यालय पत्रिका एक सशक्त माध्यम है। विद्यालय रूपी उपवन में विद्यार्थियों रूपी पौधों को पुष्पित और पल्लवित होने का पूर्ण अवसर प्राप्त होता है। विद्यालय ही वह स्थान है। जहाँ युवा मन में स्वस्थ सामाजिक परम्पराओं, श्रेष्ठ संस्कारों, उच्च नैतिक मूल्यों और राष्ट्र प्रेम का बीजारोपण किया जाता है।

मेरी परम पिता परमेश्वर से हार्दिक प्रार्थना है कि हमारे विद्यार्थी जब शिक्षा पूर्ण कर विद्यालय से विदा हों तो सकारात्मक ऊर्जा, उत्तम चरित्र और नैतिक मूल्यों से लबरेज ऐसे विचारवान युवा बनकर निकलें जो समाज के हर क्षेत्र में अपना विशेष स्थान बना सकें।

मैं माननीय प्राचार्य जी का हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ जिनके कुशल निर्देशन में विद्यालय निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसर है। मैं विद्यालय पत्रिका के संपादक मण्डल को भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिनके अथक प्रयासों से इस पत्रिका को एक नए कलेवर में हम पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत कर सके।

धन्यवाद।

विजय प्रकाश

उप-प्राचार्य (प्रथम पाली)

सम्पादकीय

विद्यालय पत्रिका राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा बाल केंद्रित व्यवस्था के अंतर्गत विद्यार्थियों की कल्पनाशील उर्जा की सृजनात्मक क्षमता तथा आत्मबोध को मुखर बनाने हेतु लेखन रूपी मंच प्रदान करती है. जिससे उनकी अर्जित भावनाओं, भाषाई दक्षता एवं साहित्यिक अभिव्यक्ति तथा स्वाभाविक मेधा का सम्यक विकास किया जा सके|

सीखना सतत प्रक्रिया है और शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है सभी का सर्वांगीण विकास। प्रस्तुत पत्रिका का यह अंक बाल सुलभ मन की आड़ी तिरछी उमड़ती -घुमड़ती क्रियाशीलता एवं सतरंगी इंद्रधनुष की विविधताओं में एकता का दर्पण है। संभव है बच्चों की तोतली भाषा में अंकुरित पुष्प माला पिरोने के क्रम में कुछ पंखुड़ियां बिखर गई हों किंतु सुधी पाठक उस बिखराव को नजरअंदाज करते हुए बाल प्रतिभा प्रयास का उत्साहवर्धन करेंगे|

इस पुनीत कार्य की गतिविधियों से संबंधित सभी व्यक्तियों के प्रति, मैं संपादक मंडल की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं. मैं विद्यालय के यशस्वी प्राचार्य श्री परवेज हुसैन, उप-प्राचार्य श्री विजय प्रकाश का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं, जिनका स्नेहिल एवं कुशल मार्गदर्शन पत्रिका के प्रकाशन में हमारा संबल बना|

सभी महानुभाव अधिकारियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षक साथियों को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ, जिनकी शुभकामना समन्वित संदेशों / आशीर्वचन लेखों, विचारों और सुझावों से विद्यालय पत्रिका की प्रतिष्ठा पूर्ण हुई है|

भारत के भावी भविष्य / कर्णधार प्रिय विद्यार्थियों को हमारा यही संदेश है कि जब विश्व बौद्धिक प्रगति की प्राण ओर अग्रसर है वह भावनात्मक संवेदनाएं को स्थापित कर मानव जीवन को आदर्श बनाने का संकल्प लें चरित्र बल, परहित कल्याण भावना, साहस तथा संयम द्वारा इच्छाशक्ति के प्रवाह से स्व जीवन निर्माण करें|

सभी लक्षित/अलक्षित अभ्यर्थनाओं / त्रुटिओं का नैतिक उत्तरदायित्व स्वयं वहन करते हुए शब्द, अर्थ, विचार, 'भाव चतुष्टयी को नमन तथा सभी के लिए मंगल कामना.....

संयम, सेवा स्वाध्याय को निजी जीवन का अंग बनाएं

बिखरावों से दूर रहे हम राष्ट्रप्रेम साधक बन जाएं

क्षमताओं को संचित कर के जग मंगल के लिए लगाएं

अपनी आत्मा ज्योति से पुलकित अपने सूर्य स्वयं बन जाएँ

शुभेच्छु

अनुपम भारद्वाज

स्नातकोत्तर शिक्षक हिंदी

Board Result 2023-24 Class XII

DEVANSH SHANKHADHAR
97.6%
XII SCIENCE

SHANTANU SRIVASTAVA
96.4%
XII SCIENCE

KARVEY TANEJA
96.0%
XII SCIENCE

AVANTIKA PRAJAPATI
93.4%
XII HUMANITIES

HITAKSHI VERMA
93.2 %
XII HUMANITIES

UMUM KHAN
93.2%
XII HUMANITIES

RUPIKA MOHAN
93.0%
XII HUMANITIES

SAMARA KHAN
93.0%
XII HUMANITIES

VIBHAVARI
90.4%
XII COMMERCE

ISHWAR NAND
88.0%
XII COMMERCE

PALAK SINGH
83.4%
XII COMMERCE

SYED MOHD HUMAM
97.2%
X

AYUSH KUMAR SINGH
95.8%
X

AMAN VERMA
93.4%
X

SAKSHI SINGH
93.4%
X

Board Result 2023-24 Class X

हिंदी अनुभाग



नारी हूँ

मैं तो एक नारी हूँ
जज्बा हूँ जुनून हूँ
प्रेम हूँ सुकून हूँ.
शक्ति से पूर्ण हूँ
न कोई बेचारी हूँ
मैं तो एक नारी हूँ।
हिम्मत हूँ गुरूर हूँ
नशा हूँ सुरूर हूँ
कलाकार जरूर हूँ
हर मुश्किल पे भारी हूँ
मै तो एक नारी हूँ।
ख्याल हूँ जबाब हूँ
चाहत हूँ राहत हूँ
इज्जत हूँ सिद्धत हूँ
नहीं कोई लाचारी हूँ
मैं तो एक नारी हूँ ।
विधा हूँ श्रद्धा हूँ
हया हूँ, पर्दा हूँ
मुग्धा हूँ मर्यादा हूँ
खुशियों की पिटारी हूँ
मैं तो एक नारी हूँ ।

रुचिका भारद्वाज
प्राथमिक शिक्षिका

न नादेन बिना गीत न नादेन बिना स्वरः
न नादेन बिना ज्ञानम् न नादेन बिना शिवः

संगीत एक ऐसी कला है जिसमें संयमित सुर न केवल आवाज को तराशते हैं बल्कि जीवन को संयमित भी करते हैं इसे सुनकर आत्मिक शांति का अनुभव करना जितना सरल है उतना ही कठिन इसे जीवन में उतारना। लेकिन संगीत का सानिध्य मात्र ही शरीर से लेकर मन और आत्मा को तृप्त कर एक तरह की संपूर्णता का एहसास कराता है।

क्योंकि संगीत वह सुर साधना है जिससे मनकी आवाज देकर ईश्वर को साधा जाता है संगीत ही एक माध्यम है जिसमें अंतरात्मा की आवाज सुनाई देती है इसे सुनकर जहां कई शारीरिक विकार दूर होते हैं वही इसे साधकर मन और आत्मा के विकारों से मनुष्य मुक्ति पा लेता है और रह जाता है केवल स्वच्छ, सरल, निर्विकार हृदय जिसे संगीत मय कर ईश्वर की आराधना की जाती है।

गीतों के रंग न हो, नीरस है यह जीवन,
सरगम के सुर नछिड़े तो सुना है मन आंगन
हवाओं में संगीत है,
संगीत है बारिश की रिमझिम में
धड़कन में संगीत है,
सांसो में संगीत है,
संगीत है कुदरत के कणकण में-,
जब ताल से उठे,
दिल की सदा कोई,
हौले से ख्यालों को,
सहला जाता है कोई गीत जब,
घूम घूम बलखाते हैं यह दिल क्योंकि.....
संगीत दिलों का उत्सव है
संगीत दिलों का उत्सव है .....
उत्सव है

डॉक्टर पूजा मेहरोत्रा
संगीत शिक्षिका (प्रथम पाली)

हमारा केवी संगठन

ये है हमारा संगठन
प्यार से भरा मेरा संगठन
ज्ञान का ये तो भंडार है
देश के प्रति प्यार है
हम इसके हैं परिन्दे
ये हमारी शान है
ये हैहमारासंगठन
प्यार से भरा मेरा संगठन
हम इसके है परिन्दे
ये हमारा मान है
ये शब्दों मे जो झंकार है
वो मेरे केवीकी पुकार है
ये है हमारा संगठन
ज्ञान का ये संसार है
देश के प्रति प्यार है
हम इसके है सितारे
ये हमारा मान हैं
ये है हमारा संगठन

नाम -अरीबा मैराज
कक्षा-6 'अ'

पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ

धरती अगर बचानी है तो, मानव जरा संभल जाओ।
आने वाली पीढ़ियों पर, अब तो ज़रा तरस खाओ।

गर न रहे ये वन, उपवन ये बागबगीचे फुलवारी।-
कहाँ दिखेगी फिरइन सब बच्चों की सूरत प्यारी।
इनके आने वाले कल को, ग्रहण न अभी लगाओ।

आने वाली पीढ़ियों पर, अब तो ज़रा तरस खाओ।

मिट्टी, जल, पर्वत, वन, वायु प्रकृति के उपहार हैं।
इनके बिना ना जीवन संभव, न प्राणी का आधार है।
सीमित दोहन संसाधनों का, प्रण ये सभी निभा जाओ।

आने वाली पीढ़ियों पर, अब तो ज़रा तरस खाओ।

रियूज, रियूज, रिसाइकल का मंत्र जीवन में अपनाओं।
कम उपभोग करो, दोहराओ और पुनर्चक्रण में लाओ।
कर्तव्य निभाना धरती के प्रति, पौधे दो चार लगाओ।

आने वाली पीढ़ियों पर, अब तो ज़रा तरस खाओ।

नाम- अनन्शा पाल
कक्षा- सप्तम 'स'

मौसम प्यारा प्यारा

बहुत सवेरे चिड़िया रानी
दरवाजे पर आई
आकर सपनों वाली कुण्डी
खट खट खट खटकाई
चूँ चूँ करती बोली मुझसे-
अब तक सोते क्यों हो?
होती बेहद सुबह सुहानी
इसको खोते क्यों हो ?
मैंने अलसायी आंखों से
उसको तभी निहारा
आओ आओ चिड़िया रानी
कहकर उसे पुकारा |
अपने पंखो को फैलाकर
पास मेरे वह आई|
सुंदर सुंदर फूल खिले है-
बात मुझे बतलाई
मैने झटपट छोड़ा बिस्तर
बाहर जाकर देखा, तो
सुंदर सुंदर धूप खिली पाई।



नामअच्युत मिश्रा-
कक्षा सप्तम-'स'
अनुक्रमांक–03

बदलाव

जो बदलाव के बाद बदलते है,
बस जिंदा रहने के लिए बदल जाते है,
जो बदलाव के साथ बदलते हैं,
अपनी अलग पहचान बनाते हैं,
हर हाल मे जरूरी है इस जगत में,
बक्त के साथ बदलना सभी को
और इस धरा पर जो लाते है बदलाव
वे परिवर्तन के प्रणेता कहलाते है!
बदलाव के रास्ते पर बेहिचक चलते रहिये
जरूरत के मुताबिक आप बदलते रहिये

नामआराध्या तिव -ारी
कक्षा-
अनुक्रमांक–

नारंगी

नारंगी रंग नारंगी का
बेच रहा फलवाला गाकर
और बजाता है। सारंगी
चमक रहा है छिलका पीला
सुंदर फल है बड़ा रसीला
प्यास बुझे मन खुश हो जाता
ढीली तबियत होती चंगी |

नामअभिनव दीक्षित-
कक्षा अ 9

शिक्षा का महत्व

शिक्षा का है बहुत महत्व
यह तो है एक रोचक तथ्य
जो शिक्षा को पाता है
वह सफल हो जाता है
शिक्षा बिना जीवन है अंधेरा
शिक्षा लाती है सवेरा
शिक्षा से जीवन है आबाद
इसको न तुम करो बर्बाद
जब ज्ञान का दीपक जल जाता है
अंधियारा सब मिट जाता है

नाम- नैप्रच्या जौहरी
कक्षा-8- 'ब'
अनुक्रमांक–10

नारियल और पत्थर

एक पेड़ था नारियल का
ऊँचाई थी जमकर
उसके नीचे पड़ा हुआ था
बदसूरत सा पत्थर
नारियल अक्सर घमंड में
उसकी हँसी उड़ाता था
क्या करता बेचारा पत्थर
मन ही मन दुःख पाता।
एक बार एक मूर्तिकार ने
देखा जब वो पत्थर
सोचसमझकर उस पत्थर की-
मूर्ति बना दी सुन्दर
लोगों ने उस देवमूर्ति को-
मंदिर में रखवाया
जो सबकी ठोकर खाता था
उसका मान बढ़ाया
औरएक दिन एक आदमी
वही नारियल लाया
मूर्ति के चरणों में फोड़ा
न्याय सभी ने पाया
ऊँचा उठना, नीचे गिरना
दुनिया का दस्तूर
कभी न उसकी हँसी उड़ाना
जो बेबस, मजबूर।

नाम- मानवी
कक्षा- सातवीं ब
अनुक्रमांक–18

झाँकती हैं किताबें खोलती हैं खिड़कियाँ



किताबें बोलती हैं स्वयं और
बुलवाना भी जानती है
क्यों बैठे हो मौन टीवी स्क्रीन पर
कार्टूनों को निहारते
या मोबाइल फोन पर उंगलिया चलाते
या वीडियो गेम खेलते।
आओ जरा बैठो मेरे पास खोलो पृष्ठ मेरे
पंक्ति-दर-पंक्ति वाक्य- दर -वाक्य
बोलने लगेंगे अक्षर-अक्षर
खुलेंगी खिड़कियाँ फिर दिमान की
जो सोया पड़ा था अब तक जागे गा धीरे - धीरे
सीख जाओगे कहना तुम भी जो दवा पड़ा था मन में तुम्हारे
क्योंकि तुम्हारे मन के अन्दर झांकती हैं किताबें ॥
गूंगी नहीं होती बातें करती हैं किताबें "

नाम-खदीजा फातिमा
कक्षा- सातवीं अ
अनुक्रमांक –18

मेरी चिड़िया

मेरी चिड़िया प्यारी चिड़िया
मुझको लगती सबसे न्यारी चिड़िया
फुदक फुदककर इस डाली से उस डाली तक हो आती
वह नील गगन मे उड़ जाती
यह मेरी संतोषी चिडिया
मेरी चिड़िया प्यारी चिड़िया
यह नदी का पानी पीती और दाना खाती
चीं-चीं कर वो मधुर गीत गाती
उसे नील गगन से है बहुत प्यार
मेरी चिड़िया प्यारी चिड़िया मुझको लगती सबसे न्यारी चिड़िया।

नाम – मनतशा
कक्षा – 7 'ब'

बचपन

एक छोटी गुड़िया की खातिर,
मैं लड़ जाया करती थी।
एक टॉफी जब खो जाती थी,
तो रो जाया करती थी। कितना सुंदर बचपन था, वो
था आकाश या उपवन था, वो
निर्भयता का दर्पण था वो
अब वो बचपन छूट गया,

अंतर्मन भी रूठ गया,
पलपल चिंतन करता है-,
मन दुविधा में घिरता है

नाम- वैष्णवी मिश्रा
कक्षा स 8

मेरी पहचान

हँसते -हँसते, खेलते-खेलते, बीता है मेरा भी बचपन,
पर क्या पता था मुझकों कि होती है जीवन में इतनी भी उलझन,
पापा को अपने अब, मुझको कुछ दिखलाना हैं,
पापा के अरमानों में, मुझको ध्यान लगाना हैं,
संघर्ष भले ही जीवन में हो, पर कुछ तो मुझको पाना है,
इसलिए नहीं मैंने खुद को, इन राहों में पाया हैं |
पापा की बातों व यादों का रखना, मुझको ध्यान जी,
माँ -पापा की खातिर, मुझको करना है कुछ काम जी,
अवध बिहारी राघवेन्द्र के, चरणों में मेरा प्रणाम जी,
माँ -पापा है मेरे, तन-मन प्राण जी |
माँगू मैं भगवान से इतना, उनका और सम्मान बढ़ाना हैं,
अपने पापा के होंठो पे अब, मुझको ही मुस्कुरान लाना है,
पापा का आशीर्वाद रहा, कुछ अपनों की शक्ति हैं,
माँ की दुआओं से, जीवन में नई तरक्की हैं |
बुद्धि कुशाग्र माँ शारदे ! कर दें, जीवन में राह बनानी है,
इस समय में मुझको भी, अपनी पहचान बनानी हैं ||

नाम- अनमोल मिश्रा
कक्षा स 12

बढ़े चलो

फूल बिछे हों या काँटे हो,
राह न अपनी छोड़ो तुम,
चाहें जो विपदाएं आयें,
मुख को ज़रा न मोड़ो तुम,
साथ रहें या रहें न साथी,
हिम्मत मगर न छोड़ो तुम,
नहीं कृपा की भिक्षा माँगो,
कर न दीन बन जोड़ो तुम,
बस ईश्वर पर रखो भरोसा,
पाठ प्रेम का पढ़े चलो,
जब तक जान बनी हो तन में,
तब तक आगे बढ़े चलो ||

नामश् -रेष्ठ सिंह
कक्षा -4 'अ '

भूखा चूहा

एक चूहा भूखा था,
पहनता वह जूता था,
खूब शहतूत खाता था,
अमरुद कुतरकर खाता था,
दूर-दूर तक घूमा था,
खा-खाकर वह झूमा था,
सब कुछ जाता था वह भूल,
जब भी लग जाती थी भूख ,
दूध काजू आलू बूरा,
सब कुछ वह खा जाता था,
खा खाकर मीठा तरबूज-,
तगड़ा सा बन जाता था-|

नामश्रेष्ठ सिंह -
कक्षा -4 'अ '

अब तो पुष्प खिलने दो !

अब तो पुष्प खिलने दो
अब तो सूरज उगने दो
भौंरा प्यासा घूम रहा
हाथी पगला घूम रहा
पक्षी दाना चोंच में लेके
मुँह बच्चे का घूम रहा
उठ अंगड़ाई भरभर के अब
नन्हें को भी जगने दो,
अब तो पुष्प खिलने दो |
अब तो सूरज उगने दो
युगों युगों तक घुटन में जीता -
बंद कली बन रहता था
अपना असली रूप न पाकर
पवनवेग संग बहता था
अब तो शक्ति जगने दो
अब तो पुष्प खिलने दो
अब तो सूरज उगने दो ||

नाम अदिति पाल -
कक्षा-9 'ब '

पेड़ हमारे परम मित्र

पेड़ हमारे परम मित्र ,इनका मान बढ़ाओ
शुद्ध हवा भी ये देते हैं, इसका काम सराहे |
कुछ न लेते हर दम देते, इन्हे खूब अपनाओ
उन्हें न काटों दिल से पालो, तनिक नहीं सकुचाओ |
हरे भरे यह सबको भाते, जब उपवन में जाओ
मन को ये हर्षित करते हैं, इनको सब शीश झुकाओं |

नाम समृद्धि यादव -
कक्षा 4 –अ

बेटी

मेरी बगिया की सुन्दर कली है वह
मेरी आँगन की चहचहाती चिड़िया सी
जो उड़ जाती है एक दिन परदेस को
परियों की सजधज पर मुस्कुराती
मन को मोह लेती अपनी प्यारी बातों से
सबको अपना बना लेती है, जो
वह केवल एक बेटी ही होती है
जो अपनी हो कर भी पराई होती है |

नाम अदिति सिंह -
कक्षा -9 ब

स्कूल कविता



घंटी बजती है,
बच्चे आते है,
नींद से भरे भरे-,
किताबों से लदे लदे-|

घंटी बजती है,
बच्चे जाते है,
सहमे डरे- सहमे डरे-,
थके मंद- थके मंद-|

जब स्कूल में तितली नहीं दिखती,
चिड़िया नहीं गाती,
पानी कल कल नही करता-,
पेड़ों की छॉव रूठ जाती है,
तब बच्चों की दुनिया टूट जाती है |

नामपुष्कर शुक्ल -
कक्षा 9 -अ

सपना

माटी जैसा तन है तेरा,
मन में उठा तूफ़ान है,
ज़िद है तेरी सपना नहीं,
साथ कोई अपना नहीं, यह कैसा अभिमान हैं |

सपना दिन में टूट जाता है,
रात अँधेरी तू अकेला ही बिताता है,
ज़िद पूरी होती है,ऐसा कहा जाता
जिससे कोई दूजा रूठ जाता है |

सपने को तू अपना बना,
उसको भी उसका मोल बता,
ज़िद में बदल दे सपने को,
रात का सारा खेल बता |
ज़िद है तेरी पूरी होगी,
किसी की मुराद न अधूरी होगी,
तू क्या माप रहा है दूरी,
वो भी कम हो जाएगी क्योकि उसकी भी मजबूरी होगी |

तू क्यों घबराता है,
ये तूफान भी दूर हो जाएगा,
हौसलों को बुलन्द रख,
उसका अभिमान भी चूर हो जायेगा |

नाम -अम्बर श्रीवास्तव
कक्षा -9 'स'

अध्यापक का महत्व

वह अध्यापक हैं--
जिसका हृदय ज्ञान का उद्गम
निर्मल सुविचारों का संगम,
भावुक मन प्रसून सा कोमल
कोयल सा मृदुभाषी प्रतिपल
अनुशासन-प्रिय पूजनीय वह
कर्मवीर तप- साधक हैं,
वह अध्यापक हैं ।

श्यामपट है उसका दर्पण
विनम्रता सुन्दर आभूषण
विमल चरित्र है जीवन का धन
सदभावों से पूरित तन-मन,
खड़िया मिट्टी से जो रचता
जीवन अति आकर्षक हैं ,
वह अध्यापक हैं ।

नैतिकता के पथ पर चलकर
भाव जगाता है समता का
जीवन के अंधियारे में जो,
दीप जलाता है विद्या का
देश प्रेम बंधुत्व भाव से
विलसित मार्ग प्रदर्शक हैं,
वह अध्यापक हैं ।

नाम -तुयशा सक्सेना
कक्षा 12 – स

मेरा विद्यालय

के .वी-.2 है मेरा स्कूल,
इसमें लगे हैं अनेकों फूल,
झूले, क्रिकेट खेल सुहाने,
पढ़ने में भी मन खूब लुभाते
धवल चौहान है मेरा नाम,
पढ़ना, खेलना, खाना मेरा काम
अपूर्वा मैम व मुकेश सर,
दोनों मुझकों खूब लुभाते,
जब भी मैं उदास दिखता,
खेल खिलाने मुझे ले जाते,
आओ मिलकर गाये एक ही गान,
शिक्षा है मेरा अधिकार ।



नाम धवल चौहान -
कक्षा -3 'स'

काश रोज़ ही सण्डे होता

मम्मी आज हमारी छुट्टी
प्लीज अभी सोने दो ना,
सुबह सुबह मीठी निंदिया में
थोड़ा सा खोने दो ना,
ले दे कर सण्डे मिलता है
थोड़ी मौज मनाने को ,
वरना मना कहाँ करते हैं
पढ़ने लिखने जाने को,
आँख मूंदकर चिंता सारी
सपनों में धोनें दो ना,
होमवर्क देती क्यों टीचर
कोई उनको समझाए,
संडे को हम खेलें- कूदें
खाते पीते दिन जाए,
ताले भीतर रख दो बस्ते,
लाकर नए खिलौने दो ना,
मम्मी आज हमारी छुट्टी
प्लीज अभी सोने दो ना,

नाम समायरा-खान
कक्षा 3 – स

लाल लाल सा प्यारा सेब-

लाल लाल सा प्यारा सेब-
सभी फलों से न्यारा सेब,
एक सेब जो हर दिन खाता
बीमारी को वह दूर भगाता,
मम्मी मुझको सेब दिला दो या
इसका जूस पिला दो |

नाम प्रतिज्ञा यादव -
कक्षा 4 -ब

बेटी

बेटी को पहले लोग जन्म देना ही पाप समझते थे,
लेकिन आज बेटी और बेटों को समान समझा जाता है |
आज की बेटी किसी बेटे से कम नहीं है,
वह हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाये हुए है
चाहे वह भी डॉक्टर, इंजीनियर हो या
आर्मी ,पायलट या फिर मनोरंजन जगत में
आज कल लोग बेटी को जन्म देने में भी नहीं झिझकते हैं
आज की बेटी शिक्षित तथा आत्म निर्भर हैं |

नाम- अदिति सिंह
कक्षा - नौवीं 'स'

ज़िंदगी

ज़िन्दगी एक चादर की तरह है जो लपेटे है
दुःख सुख की अनुभूतियों को,
ज़िन्दगी बिजली के तार पे लटके हुए ओस की बूंदे हैं जिसे प्रतीक्षा है
सूरज की पहली किरण की,
ज़िन्दगी रेत के उस टीले जैसी है
जो मरुस्थल से बना है,
जिसका बनना बिगड़ना निर्भर करता है
तेज हवाओं के झोंके पर,
ज़िन्दगी उस समुद्र के बुलबुले सी है
जो बना है वर्षा की बूंदो से,
जिसका बनना बिगड़ना निर्भर करता हैं
समुद्र की लहरों पर,

नाम केशव शुक्ल -
कक्षा 10 –अ

पानी बचाएँ बने महान

वो दिन जल्द ही आयेगा
जब धरती पर हर इंसान
बस पानी पानी चिल्लाएगा,
रुपये पैसे धन दौलत
कुछ भी काम न आयेगा,
यदि इंसान इसी तरह
धरती को नोच के खायेगा,
बच्चे बूढ़े और जवान
पानी बचाएँ बने महान
अब तो जाग जाओ इंसान
पानी में बसते है प्राण |

नामसाक्षी राठौर -
कक्षा 12 –स

माँ



माँ वह है जो हमे जन्म देती है, यही कारण है की संसार की संज्ञा दी गयी है। यदि हमारे जीवन के शुरूआती समय में कोई हमारे सुख-दुख में हमारा साथी होता है। तो वह हमारी माँ ही होती है। माँ हमें कभी इस बात का एहसास नहीं होने देती की संकट की घड़ी में हम अकेले हैं। मेरी माँ मेरे जीवन की का आधारस्तंभ है, वह मेरी शिक्षक तथा मार्गदर्शक होने के साथ ही मेरी सबसे अच्छी मित्र भी हैं। वह मेरी हर समस्याओं, दुखों और विपत्तियों में मेरे साथ खड़ी रहती है और मुझे जीवन की सभी बाधाओं को पार मेरे साथ करने की शक्ति प्रदान करती है, उसके द्वारा बतायी गयी छोटी-छोटी बातों ने मेरे जीवन में बड़ा परिवर्तन किया हैं।

नाम- दक्ष वीर

प्रिय शिक्षक

शिक्षक हैं शिक्षा का सागर ,
शिक्षक बाँटें ज्ञान बराबर ,
शिक्षक मंदिर जैसी पूजा ,
माता पिता का नाम दूजा-,
प्यासोंको दते हैं पानी ,
शिक्षक हम सबकी जिंदगानी |
शिक्षक न देखे जात पात-
शिक्षक न करते पक्ष पात-,
निर्धन हो या हो धनवान ,
शिक्षक को सब एक समान ,
शिक्षक माझी नाव किनारा ,
शिक्षक डूबतों को दे सहारा ,
शिक्षक का है सदा ही कहना ,
श्रम लगन है सच्चा गहना |

यूँ बेलगाम न चल

ये रास्ते नहीं सीधे
ऐ जिंदगी बेलगाम न चल
न नक्शा हासिल मुझे न मंजिल का पता
न जिया हूँ आज न तय है कल मेरा
ऐ जिंदगी यूँ बेलगाम न चल
उम्मीद शाबाशी में बदलनी बाकी है अभी
यह तूफानों की गूंज जैसे मांगती है
पास मेरे बस अभी ख्वाबों सा बल
ऐ जिंदगी सँभलने दे मुझे
यूँ बेलगाम न चल |

नामख़ुशी -
कक्षा 9 -अ

अटल बिहारी वाजपेई जी

वे लिखते काल कपालों पर , लिखते थे, उसे मिटाते थे,
वे थे साहित्यिक राजपुरुष, जो गीत अकेले गाते थे ,
वे 'शक्ति विजय' के नायक थे, हिम्मत के अटल विजेता थे ,
परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र, वे प्रखर सूर्य से नेता थे |

यू एन में हिंदी में भाषण, या लाल किले का संबोधन ,
संसद में गरमागरम बहस, या राजनीति का उदबोधन,
उस अटल गूँज के आगे तो, पाषाण पिघल ही जाते थे,
जिनकी कविता के सुन्दर स्वर, श्रोता भी संग – संग गाते थे |

वे चन्द्रगुप्त चाणक्य यथा, अडवानी अटल जी साथ रहे,
वे एक नदी की धारा से, थे साथ रहे थे साथ बहे,

काजल की काल कोठरी में, जो कालिख से बच जाते हैं,
वे राजनीति की पारी में, अजातशत्रु कहलाते हैं |

वे कारगिल जय के नायक थे, जन जन के मौन के गायक थे,
वे राष्ट्रवाद के उन्नायक, वे राम राज्य के वाहक थे,
ठन गई मौत से थी उनकी, पर भीष्म बने वे डटे रहे,
क्रूर काल की कुटिल चाल से, है अंतिम क्षण तक जंग लड़े|

ये अटल नहीं है जीव कोई, ये तो जीवन की शिक्षा है ,
ले पुनर्जन्म फिर आओ तुम, हर प्राणी की इच्छा है,
युगपुरुष कर गया परायण, है राजनीति की कल कल में,
जो सदा जिया है, सदा जियेगा, जन जीव करोड़ों के दिल में

नाम- ख़ुशी मिश्रा
कक्षा- 12 स

शिक्षाप्रद दोहे

तुलसी मीठे वचन ते, सुख उपयत चहुँ ओर |
बसीकरण यह मंत्र है, तज दे वचन कठोर ||

*

ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय |
औरन को सीतल करे, आपहूँ सीतल होए ||

*

बोली एक अमोल है, जो कोई बोले जानि |
हिये तराजू तोलिये, तब मुख बाहर आनि ||

*

काल करै सो आज कर, आज करै सो अब |
पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब ||

*

गुरु गोविन्द दोउ खड़े, काके लागू पाएं |
बलिहारी गुरु आपने , गोविन्द दियो बताये ||

*

बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर |
पंछी को छाया नहीं, फल लागे आते दूर ||

*

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय |
टूटे से फिर ना जुरे, जुरे गांठ परि जाय ||

*

रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजै डारि |
जहाँ काम आवै सुई, कहा करै तरवारि ||

नाम- प्रभात कुमार सिंह

कक्षा- 9 अ

जिले का वर्णन

शहर शाहजहांपुर बसता यूपी के दरम्यान,
कहू हकीकत इसकी सुनिए धर कर ध्यान ,
दक्षिण फर्रुखाबाद बरेली पश्चिम में लगता भाई ,
उत्तर पीलीभीत सुशोभित पूरब हरदोई मनभाई,
शारदा से लेकर गंगा तक लम्बाई मानी जाती है,
अडतीस मील केवल इसकी चौड़ाई नापी जाती है,
फिर बांटा जिले को 5 भाग में, बांटा है तहसीलों में,
तहसीलदार अधिकारी हैं, हैं भूमि के कार्य सभी इसमें,
15 जगह विभाजित कर, जनपद को पूरा बांटा है,
हो गया अधीन वी डी ओ के, ब्लाक वही कहलाता है,
23 थाने जनपद में, अधिकारी थानेदार बना,
जनपद की यही सुरक्षा बनी, गाँव में चौकीदार बना,
ले जाओ ध्यान फिर नदियों पर, बहती उत्तर से दक्षिण को,
बड़ी नदी हैं 7 यहाँ, अति पावन नाम है गंगा को ,
बरसाती नदियाँ 9 होकर, जनपद की शान बढाती हैं,
संज्ञा इनकी नालों की जो नदियों में मिल जाती हैं,
हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख यहाँ, इसाई भी कुछ रहते हैं,
हैं आपस में सबका प्रेमभाव, नहीं बैर किसी से करते हैं,
धरती की प्यास बुझाने को, नलकूपों की भरमार यहाँ,
उत्पादन क्षमता लाने को, तलब कुआँ और नहर यहाँ,
गल्ला उत्पादन प्रदेश में सबसे ज्यादा होता है,
अन्नदाता यू पी का होकर कृषकों की शान बढाता है,
चीनी उत्पादक यू पी का यह जनपद कहलाता है,
सरकारों की गिनती नहीं यहाँ, यह चीनीमिल चार गिनाता है,
है छोटी बड़ी रेलवे लाइन, जो लम्बी यात्रा वाली है,
बस मोटर कार की गिनती क्या जो जगह जगह रुक जाती है,
पशुपालन सदा जनपद की शान बढाता है,
कृषकों को लाभ सदा इनसे,बाद घी दूध की नदी बहाता है,
आबादी लगभग तीस लाख इस जनपद की कहलाती है,
एक शहर दस क़स्बा, जिसमें 543 ग्रामों की गणना आती है,
डिग्री कॉलेज 36 जनपद में, 250 मध्य मित्र कहलाते हैं,
500 जूनियर हाई स्कूल, बेसिक 3000 बतलाते हैं |

नाम : अलीशा बनो
कक्षा : 9 ब

वीर गाथा

इन् वीरों की गाथाओं में, आओ उस पल को याद करें,
उन बारूदों के शोर में, उस गर्जन को पर हम बात करें |
विनीत शौर्य के खेल पे, आंसू की न बरसात करें,
आओ उस पल को याद करें , आओ उस पल को याद करें |
उस बड़गाम की करें , जहाँ 40 लोग हमारे थे,
वो वीरगति को प्राप्त हुए, पर हजारों पर वो भारी थे |
तिथवल में छिपकर तलघर पे जब दुश्मन बम बरसा रहे थे,
घायल होक भी डटे रहे ऐसे कप्तान हमारे थे |
संचालन विजय को याद करें जहां उत्तम शौर्य दिखाया था,
बरूद नहीं था दुश्मन को हाथों से मार गिराया था |
कतंगा के उस हमले में जहाँ 90 दुश्मन आये थे,
निडर होकर उस वीर ने 40 खुद हत करवाए थे |
इन वीरों की गाथाओं पर हम थोड़ा सा हम अभिमान करें ,
आओ उस पल को याद करें, आओ उस पल को याद करें |

नाम राशिका आनंद :
कक्षा 12 :स

मूलमती बिस्मिल :- एक प्रखर देशभक्त

हमारी आज़ादी की लड़ाई का कोई भी सन्दर्भ असंख्य महिलाओं द्वारा निभाई गयी महत्वपूर्ण भूमिका की पहचान किये बिना पूर्ण नहीं होगा | जिसमे अधिकतम महिलाएं अशिक्षित एवं गरीब परिवारों की थीं और जिन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को अपना भरपूर समर्थन दिया था, जबकि उस समय महिलाओ को घर से बाहर निकलने पर भी पाबंदी लगाई जाती थी |
इतिहास में इन महिलाओ के योगदान को अंकित न करके उनके साथ बहुत ही अन्याय किया गया है, इनमे से एक थीं 'मूलमती बिस्मिल' |
भले ही अकेले उनके नाम से उनकी पहचान न हुई हो , लेकिन मूलमती क्रन्तिकारी राम प्रसाद बिस्मिल की माँ के रूप में स्वतंत्रता संग्राम की कहानी में एक प्रमुख स्थान प्राप्त करने में कामयाब हुई हैं | राम प्रसाद एक क्रन्तिकारी थे, जिन्होंने भारत में वर्ष १९२८ में हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया था | जिसमें उनके साथ भगत सिंह, चन्द्र शेखर आजाद, अशफ़ाक उल्ला खां, राज गुरु और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शामिल थे | राम प्रसाद वर्ष १९१८ के प्रसिद्ध मैनपुरी षड़यंत्र और वर्ष १९२५ को काकोरी षड़यंत्र के मामलों में प्रमुख रूप से शामिल थे | उन्हें १९ दिसंबर १९२७ को गोरखपुर की जेल में फांसी दी गयी थी |
मूलमाती एक साधारण महिला थीं जो स्वतंत्रता आन्दोलन के संघर्ष में अपने बेटे का समर्थन करती थीं और वह अपने बेटे को फांसी पर चढ़ने से पहले उनसे मिलने के लिए गोरखपुर की जेल में गयीं थीं |
राम प्रसाद अपनी माँ को देख कर टूट गये थे, लेकिन वह स्तब्ध रह गयीं और वह अपनी प्रतिक्रिया में द्रढ़ थीं | उन्होंने अपने बेटे से कहा कि मुझे तुम्हारे जैसे बेटे पर गर्व है | उन्होंने अपनी माँ से कहा कि मेरी आँखों से आंसू मौत के डर से नहीं निकल रहे हैं बल्कि ये आंसू इसलिए निकल रहे हैं कि मुझे आप जैसी माँ नहीं मिल पायेगी | राम प्रसाद की म्रत्यु के बाद उन्होंने संकल्प कर लिया कि वह सार्वजानिक सभा के एक भाषण में अपने दुसरे बेटे को भी स्वतंत्रता आन्दोलन में शामिल कर देंगी |
स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविश्वसनीय समर्थन और विश्वास के बिना राम प्रसाद बिस्मिल को उस पथ पर आगे बढ़ना मुश्किल था जिसका उन्होने चुनाव किया था |

नाम : वेदांशी शुक्ला
कक्षा : 12 स

एक माँ का कश्मीर में फौजी बेटे से संवाद

फोन किया माँ ने बेटे को, तू ने नाक कटाई है,
तेरी बहना से सब कहते, बुजदिल तेरा भाई है,
ऐसी भी क्या मज़बूरी थी, ऐसी क्या लाचारी थी,
कुछ कुत्तों की टोली कैसे, तुम शेरों पर भारी थी |
वीर शिवा के वंशज थे तुम, चाट क्यों ऐसे धुल गये,
हाथों में हथियार तो थे, क्यों उन्हें चलाना भूल गये |
गीदड़ बेटा पैदा करके, मैंने कोख लजाई है ,
तेरी बहना से सब कहते, बुजदिल तेरा भाई है |
फौजी अपनी माँ से
इतना भी कमज़ोर नहीं था, माँ मेरी मज़बूरी थी,
उपर से फरमान यही था, चुप्पी बहुत ज़रूरी थी |
सरकारें ही पिटवाती हैं, हमको इन गद्दारों से,
गोली का आदेश नहीं है, दिल्ली के दरबारों से |
गिन गिनकर मैं बदले लूँगा –, कसम ये मैंने खाई है,
तू गुडिया से कह देना, ना बुजदिल तेरा भाई है |

नाम मोहम्मद बिलाल :
कक्षा 4 :अ

मीठे वचनों का महत्व



ईसा अपने भक्तों को मधुर वचन बोलने और सभीसे प्रेम करने की प्रेरणा दिया करते थे। वह कहा करते थे, वाणी का संयम कर लेने वाला व्यक्ति मित्रों और हितैषियों से घिरा रहता है, जबकि तीखा वचन बोलने वाला नए नए विरोधी पैदा कर लेता है। बाइबिल की एक कहानी के अनुसार दाऊद कहता है, 'हे वीर तुम किसी की निंदा क्यों करते हो? जो बिना सोचेसमझे बोलते हैं-, उनका अनर्गल बोलना तलवार के वार की तरह चुभता है। राजा सुलेमान कहते हैं, 'जीभ के वश मे है कि वह जीवन को दुखी बनाती है या सुखी। यदि जिह्वा से कटु वचन निकलते हैं, तो जीवन विद्वेष और विवादों में घिरने लगता है। इसके विपरीत यदि जिह्वा से मीठे वचन निकलते हैं, तो मित्रों से प्रेम मिलने लगता है। मधुर वाणी आदमी को हमेशा विवादों से दूर रखती है। यदि मनुष्य अपनी जीभको नियंत्रित कर सकता है तो वह अपनी देह को भी वश मे कर सकता है, ठीक वैसे ही, जैसे मुहं पर लगी लगाम घोड़े को नियंत्रण में रखती है।' नितिवचन में कहा गया है, प्रेम भरे वचन कहने और सुनने वाले दोनों व्यक्तियों का जीवन शांतिपूर्ण रहताहै। मनभाव वचन मधु से भरे छत्तों के समान मीठे होते हैं एवं शरीर व मन को स्वस्थ और शांत बनाए रखते हैं।

नाम- जूबिया खान
कक्षा- 8 स
अनुक्रमांक- 44

कहानी – शेर आया

बहुत समय पहले की बात है, एक गाँव में बहुत शरारती बच्चा रहता था | वह गाँव जंगल के पास था | वह लड़का हर समय कुछ न कुछ शरारत करता रहता था | एक दिन वह लड़का रात में जोर जोर से चीखने लगा "शेर आया – शेर आया, बचाओ कोई बचाओ !" यह सुनकर सभी गाँव वाले डंडा लेकर आये | लड़का लोगों को देख कर हसने लगा और बोला "उल्लू बना दिया !" यह सुन कर लोगों को बहुत गुस्सा आया | अगले दिन उस लड़के ने फिर वही नाटक किया | ऐसा उसने लगभग 4 बार किया | अब लोग उसे बचाने नहीं आएंगे ऐसा लोगों ने कहा | एक आदमी अलग था उसने बच्चे को सबक सिखाने की सोची | उसे पता था इस रात वह लड़का फिर नाटक करेगा | तो उसने रात में शेर जैसे कपड़े पहन लिए और उस लड़के का इंतज़ार करने लगा | जब वह लड़का आया तब वह आदमी शेर के भेष में उसके सामने आ गया | लड़का बहुत डर गया और चीखने लगा "बचाओ कोई सच में शेर आया गया है !" लेकिन इस बार कोई नहीं आया | लड़का बहुत डर चुका था | तब वह आदमी उसके सामने आया और उसे समझाया कि झूठ बोलना बहुत गलत बात होती है | तब इस लड़के को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने सभी गाँव वालों से माफ़ी मांगी |

शिक्षा : हमें कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए |

नाम : उन्नति भोजवाल
कक्षा : 4 अ

क्रिकेट

क्रिकेट एक खेल है जिसकी शुरुआत ब्रिटेन में हुई थी | क्रिकेट राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाला आउटडोर खेल है | इसे खेलने के लिए 11 खिलाडियों की दो टीम बनती हैं | क्रिकेट में बहुत सारे नियम होते हैं जैसे – रन आउट, हिट विकेट, कैच आउट, बोल्ड आदि | क्रिकेट में तीन अंपायर होते हैं दो अंपायर मैदान में होते हैं, और एक टीवी अंपायर होता है | क्रिकेट में खेल होने से पहले टॉस किया जाता है जिसमे जीतने वाला कप्तान यह निर्धारित करता है कि कौन पहले गेंदबाजी करेगा और कौन बल्लेबाजी | इसके बाद कप्तान अपनी टीम के खिलाडियों के नाम बताता है | उसके बाद खेल शुरू होता है | खेल खत्म होने के बाद जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है उसे मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार मिलता है | क्रिकेट में तीन तरीके के मैच होते हैं – वन डे मैच जो 50 ओवर का होता है, टी-20 मैच जो 20 ओवर का होता है, और टेस्ट मैच जो पांच दिन तक चलता है | टेस्ट मैच तब तक चलता है जब तक पूरी टीम आल आउट न हो जाये या जब तक कप्तान न कह दे कि यह सेशन ख़त्म हो गया | इसके बाद दूसरी टीम खेलती है अगर वह टीम पहली टीम से ज्यादा रन न बना ले | अंत में जो फाइनल में पहुँचता है और फाइनल जीतता है | यह मैच अलग देशों में होता है | हर साल आई पी एल – इंडियन प्रिमिएर लीग का खेल होता है, जिसमे अलग अलग देशों के खिलाड़ी भाग लेते हैं | इसमें हर टीम 14 मैच खेलती है जिसमे से 7 मैच जितना पड़ता है जिससे वह टीम सेमी फाइनल में पहुँच सके | इसमें पॉइंट टेबल होता है जो यह निर्धारित करता है कि कौन सी टीम सेमी फाइनल में हिस्सा लेगी | इसमें ऑरेंज कैप होती है यह कैप उस खिलाडी को मिलती है जो सबसे ज्यादा रन बनाता है | और पर्पल कैप उस खिलाडी को मिलती है जो सबसे ज्यादा विकेट लेता है | अंत में जो फाइनल में पहुँचता है और फाइनल जीतता है उसे इस पूरे सीज़न की ट्रॉफी मिलती है |

नाम : मानवेन्द्र सिंह
कक्षा : 9 अ

छोटी दीवार

मेरे किचन के पास एक छोटी सी दीवार है | अम्मी हर सुबह बर्तन साफ़ करके चावल के दाने और बचा हुआ खाना मुझे देती और मैं उस खाने को कटोरी में रख कर छोटी दीवार पर रख देती थी | मेरे खाना रखते ही तीन चार गिलहरियां रोज वहां आ जाती थीं और मज़े से खाना खाती थीं | उन्हें देख कर मुझे बहुत ख़ुशी होती थी |

कुछ दिन बाद मेरा बड़ा भाई एक बिल्ली का बच्चा मेरे लिए लाया | अब मैं और भी खुश हो गई | मैं रोज़ उसे दूध देती और गिलहरियों को खाना | मैंने उसका नाम रखा था 'शिंजो'| मुझे शिंजो और गिलहरियों दोनों से प्रेम था | मैं दोनों को उनका खाना समय पर देती थी |

धीरे धीरे शिंजो बड़ी होने लगी | एक दिन मैंने देखा कि जब गिलहरियाँ खाना खा रहीं थीं शिंजो ने उन पर हमला कर दिया |

बेचारी गिलहरियाँ जान बचा कर भागीं | उस दिन के बाद मैंने कई दिनों तक खाना रखा मगर कोई गिलहरी खाना खाने नहीं आई |

मुझे गिलहरियों की बड़ी याद आती है | पापा कहते हैं कि अगर तुम शिजो को छोड़ दो तो गिलहरियाँ फिर आने लगेगीं | मगर मुझे शिंजो से भी बहुत प्रेम है | अब कोई बताये इसमें मेरी क्या गलती है ? क्या मेरी दीवार पर अब गिलहरियाँ कभी नहीं आयेंगी ?

नाम: रिदा अली
कक्षा 4 :अ

मेरा भारत महान

मेरे देश का नाम भारत है। यह वह पवित्र भूमि है। जहाँ पर मेरा जन्म हुआ। यह विश्व का सबसे अच्छा देश है। यहाँ पर बड़े-बड़े ज्ञानी महापुरुषों तथा वीरों का जन्म हुआ है। यहाँ पर सब लोग प्रेम भाव से तथा मिल जुल कर रहते है। यहाँ हर धर्म,भाषा व संस्कृति के लोग रहते हैं। भारत देश कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक है। यहाँ पर गंगा, जमुना,ब्रह्मपुत्र और कावरी जैसी पवित्र नदियाँ बहती हैं। भारत एक ऐसा देश हैं। जो समय के साथ अपने आपको हर परिस्थिति में ढाल लेता हैं। भारत उनविकासशील देशों मे से एक है, जो सबसे जल्दी तरक्कीकी सीढियाँ चढ़ रहा है। हम सबको अपने भारतीय होनेपर गर्व महसूस होता है। अंत में मैं यही कहना चाहूंगाकी सही मायनों मे भारत महान हैं।

नाम-आस्था वर्मा
कक्षा-सप्तम 'स

सब है मुझे जानते

सब हैं मुझे जानते मेरे है, पृथ्वी पर कई ठिकाने मुझसे करते सब अनुराग, मैं न करता किसी को हानि मैं हूँ एक बड़ा संसाधन मुझमे रहते कई प्राणी मैं हूँ जंगल मेरे बिना न यह अवनि।
सब हैं मुझे जानते, अकसर मैं बनता ताज़ा खबर मुझमे लगती भीषण आग मेरे मित्र जानवर बनते खाक छोड़ देते मेरा साथ पर मेरी बचती केवल राख मैं हूँ जंगल मेरे दम पर ही तुम लेते साँस ।
सब हैं मुझे जानते, मेरे है कई भेद ठंडे जलवायु मे शंकुधारी, उष्ण जलवायु मे सदाबहार पेड़ ही है मेरे अंग, मानव करते इनपे प्रहारमैं हूँ जंगल मेरे बिना न यह संसार ।
सब है मुझे जनते, मानव करता मेरा उपयोग वह लाते कई औज़ार मेरी भूमि पर करते खनन मुझसे निकालते गैसोलीन, कोयला, लोह तथा पैट्रोलियम मैं हूं जंगल मेरे बिना 'न कोई' ईंधन

नाम- अहमद
कक्षा 7 'स'



ENGLISH SECTION

To Achieve Your Dreams: Remember 'A' to 'Z'

A- Avoid negative sources, people, places, things and habits.
B-Believe in yourself.
C-Consider things from every angle.
D-Don't give up and don't give in.
E-Enjoy life today. Yesterday is gone, tomorrow may never come.
F-Family and friends are hidden treasures, seek them and enjoy their riches.
G-Give more than you planned to.
H-Hang on to your dreams.
I-Ignore those who try to discourage you.
J-Just do it.
K-Keep trying no matter how hard it seems. It will get easier.
L-Life is a dream realize it.
M-Make it happen.
N-Never lie, cheat or steal, always strike a fair deal.
O-Open your eyes and see things as they really are.
P-Practice makes perfect.
Q-Quitter never win and winners never quit.
R-Read, study and learn about everything important in your life.
S-Stop procrastinating.
T-Take control of your own destiny.
U-Understand yourself to better understand others.
V-Visualize it.
W-Want it more than anything.
X- Accelerate your efforts.
Y-You are unique of all God's creations, nothing can replace you.
Z-Zero in your target and go for it.
Good luck!!

Mrs. Ritu Varshney
Primary teacher

Nature's Music

I love nature's music,
And summer time songs…
In the forest her great singers
Gather in throngs….

The wind plays the harp,
And the birds take the tune
The bass part is sung
By the man in the moon,

Each one known their part
To the very last letter,
And even our radio
Doesn't sound any better.

Name : Vidit Saxena
Class : 9 A

MY TREASURE

You are the one who feels pride with whatever I achieve,
You are the one who gives me the hope in whatever I believe,
You are that person who picks me up whenever I fall,
And whenever life throws at me curved balls you are that person I always call,
I fly,I fly because I know that you will always be by my side
and pick me up whenever I fall,
I want you to know that even if you live on the other side of the globe
we will never grow apart until death do us apart,
You are my father and I love you for evermore.

Astha Rai
Class-10th 'A'

10 QUOTES BY GAUTAM BUDDHA

1)"Quiet the mind and the soul will speak."
2)" If your comparison does not include yourself, it is incomplete."
3)"If you find no one to support you on the spiritual path, walk alone."
4)"Three things cannot be long hidden: the sun, the moon, and the truth."
5)"It is better to conquer yourself than to win a thousand battles then the victory is yours. It cannot be taken from you."
6)"The root of suffering is attachment."
7)"No matter how hard the past, you can always begin again."
8)"To conquer oneself is a greater task than conquering others."
9)"A disciplined mind brings happiness."
10)"Give, even if you only have a little."

Akshay Kumar Verma
Class- 9th 'A'

EVERYTHING MOM

The one that's always been there,
right from the very start…..
With love, with hope, with guidance,
you taught me from your heart….
It's only now I realize, you sacrificed your hand,
to give me life and watch me grow and now I understand,
A mother's love is precious,
